
वर्ष: 14 - अंक : 100, मुंबई, सोमवार, 10 जून, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

दैनिक मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त
अब हर सच होगा उजागर



# मोदी तीसरी बार बने प्रधानमंत्री



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीएन) के संसदीय दल के नेता नरेन्द्र मोदी ने रविवार शाम लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। उन्होंने देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के रिकार्ड की बराबरी कर इतिहास रच दिया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन प्रांगण में आयोजित भव्य समारोह में नरेंद्र मोदी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी। पीएम मोदी के शपथ लेते ही समूचा आयोजन स्थल तालियों की गड़गड़ाहट और मोदी-मोदी के नारों से गूंज उठा। पीएम मोदी ने हिन्दी में शपथ ली। उनके साथ उनके मंत्रिपरिषद में 71 मंत्रियों ने शपथ ली जिनमें 30 कैबिनेट, पांच राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और 30 से अधिक राज्य मंत्री शामिल हैं।

## इस बार भाजपा को अपने दम पर बहुमत नहीं मिला है और उसे 240 सीटों पर ही संतोष करना पड़ा है

मोदी इससे पहले 2014 और 2019 में लगातार दो कार्यकाल तक देश के प्रधानमंत्री रहे और अब लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद उन्होंने नेहरू के रिकार्ड को दोहराकर इतिहास रचा है। वर्ष 1962 के बाद यह दूसरा मौका है जब किसी नेता ने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली है। राजग ने 18वीं लोकसभा के लिए हुए चुनाव में 293 सीट जीतकर लगातार तीसरी बार बहुमत हासिल किया है हालांकि इस बार भाजपा को अपने दम पर बहुमत नहीं मिला है और उसे 240 सीटों पर ही संतोष करना पड़ा है।

(संबंधित समाचार पृष्ठ 4-5 पर)

## भाजपा ने महत्वपूर्ण मंत्रालयों को अपने पास रखा

एनडीए के दोनों मुख्य सहयोगी दल केंद्र में बड़ी भूमिका चाहते थे। लेकिन भाजपा ने मजबूती से अपनी बात रखते हुए कहा कि वह गठबंधन धर्म निभाएगी, लेकिन सिर झुकाकर सरकार नहीं चलाएगी। भाजपा ने केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा संबंधी समिति (सीसीएस) से जुड़े चारों मंत्रालयों गृह, रक्षा, वित्त और विदेश अपने पास रखने का फैसला किया। किसी भी सरकार को चलाने के लिए इन मंत्रालयों पर नियंत्रण होना जरूरी है। ये मंत्रालय ही मिलकर सीसीएस (कैबिनेट कमिटी ऑन सिक्योरिटी) का गठन करते हैं और बड़े मामलों पर फैसले लेते हैं।

## सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर सीसीएस का अंतिम फैसला


यह समिति देश के सुरक्षा मामलों पर फैसले लेने वाली सर्वोच्च संस्था है। प्रधानमंत्री इसके अध्यक्ष होंगे। जबकि गृहमंत्री, वित्त मंत्री, रक्षा मंत्री और विदेश मंत्री इसके सदस्य। सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर अंतिम फैसला सीसीएस का ही होता है। साथ ही कानून व व्यवस्था और आंतरिक सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर भी सीसीएस ही अंतिम फैसला लेता है। सीसीएस आंतरिक या बाहरी सुरक्षा पर प्रभाव डालने वाले मामलों को निपटाती है। साथ ही देश की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अन्य देशों के साथ समझौते से जुड़े मामलों भी संभालती है। इसके अलावा ये समिति आर्थिक, राजनीतिक और परमाणु उर्जा से जुड़े ऐसे सभी मामलों को निपटाती है, जिनका राष्ट्रीय सुरक्षा पर प्रभाव पड़ता है।


दिल्ली में 2014, 2019 2024 के लोकसभा चुनाव में सभी सातों सीटों पर खिला है कमल

विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी को मात नहीं दे पा रही है भाजपा

पिछली सरकार में डॉ. हर्षवर्धन और मीनाक्षी लेखी थी मंत्री

## मोदी के टॉप 5 मंत्री


राजनाथ सिंह


अमित शाह


नितिन गडकरी


जेपी नड्डा


शिवराज सिंह चौहान

*नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेकर इतिहास रचा, वे पं. जवाहरलाल नेहरु के बाद ऐसे 'दूसरे नेता', हालांकि, ये मोदी का नया युग है क्योंकि इसमें सहयोगी दल भी 'ताकतवर हैसियत' के साथ शामिल हैं*

दैनिक
मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### वाह! मतदाताओं, सलाम!

लोकतंत्र में जनता सिर्फ सरकार नहीं चुनती है। वह विपक्ष भी चुनती है। इस बार उसने बहुत मजबूत विपक्ष चुना है। इतना मजबूत, जितना आजाद भारत के इतिहास में कभी नहीं रहा है। इससे पहले और भी कमजोर सरकारें रही हैं लेकिन इतना मजबूत विपक्ष कभी नहीं रहा है। पहले कई बार विपक्ष में ज्यादा सांसद होते थे लेकिन वे एक दूसरे खिलाफ चुनाव लड़ कर आए होते थे। वे विपक्ष की बेंच पर बैठते थे लेकिन वह साझा विपक्ष नहीं कहलाता था। पहली बार ऐसा हुआ है कि सत्तारूढ़ गठबंधन 293 सांसदों के साथ एक तरफ होगा तो दूसरी ओर 204 सांसदों का मजबूत विपक्ष होगा। अगर इसमें ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस को जोड़ लें तो संख्या 233 हो जाती है। इससे पहले आखिरी बार 1989 में कांग्रेस ने 197 सीटें जीती थीं और लोकसभा में एक मजबूत विपक्ष की मौजूदगी दिखी थी। लेकिन इस बार उससे भी मजबूत विपक्ष है। तभी यह विपक्षी पार्टियों और विपक्षी राजनीति दोनों के लिए बड़ा मौका है। विपक्ष को जनता ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। यह बताने की जरुरत नहीं है कि किस बात के लिए मतदाताओं ने विपक्ष को इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। विपक्ष का पूरा प्रचार इस बात पर केंद्रित था कि संविधान की रक्षा करनी है, लोकतंत्र की रक्षा करनी है और आरक्षण बचाना है। आरक्षण को तो खैर अभी कोई खतरा नहीं दिख रहा है। लेकिन संविधान और लोकतंत्र के सामने जो प्रत्यक्ष चुनौती है और जिसे पिछले 10 साल में संसद की कार्यवाही में सबने देखा है उससे निपटने की जिम्मेदारी मतदाताओं ने विपक्ष को सौंपी है। पिछले 10 साल में विपक्ष को पूरी तरह से दरकिनार करके संसद की कार्यवाही चली है। विपक्ष की गैरहाजिरी में विधेयक पास कराए गए। विपक्ष के सांसदों के निलंबन का इतिहास देश ने पिछले 10 साल में बनते हुए देखा। डेढ़ सौ सांसद एक बार में निलंबित किए गए। विपक्ष के सांसद संसद परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने रात दिन धरने पर बैठे रहे और सरकार की ओर से किसी ने उनकी ओर ध्यान देने की जरुरत नहीं समझी। संसद के अंदर मनमानी की जो परंपरा स्थापित हो रही थी उसे रोकने की जिम्मेदारी मजबूत विपक्ष के ऊपर है। पिछले 10 साल में तमाम संसदीय परंपराओं को ताक पर रख दिया गया था। यह पहली बार हुआ था कि 17वीं लोकसभा में उपाध्यक्ष की नियुक्ति नहीं हुई। पांच साल का कार्यकाल समाप्त हो गया लेकिन उपाध्यक्ष की नियुक्ति नहीं हुई। संसद की स्थायी समितियों की बैठकें लगातार कम होती जा रही हैं और लोक लेखा समिति की भूमिका बेहद सीमित हो गई है।

# समाजवादी पार्टी ने इरकॉन सोमा टोल प्रशासन को दिया ज्ञापन

## मानसून से पहले चालीसगांव - वडजई रोड अंडरपास की जल निकासी लाइन करे साफ : गुड्डू काकर

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**धुलिया।** समाजवादी पार्टी ने इरकॉम सोमा टोल वे प्रबंधन की लापरवाही के खिलाफ एक ज्ञापन टोल प्लाजा प्रबंधक को दिया है। जिसमे सपा ने तत्काल प्रभाव से महा मार्ग की नालियों को साफ कर जल निकासी सुचारू करने की मांग की है।सपा महानगर अध्यक्ष गुड्डू काकर ने ज्ञापन में कहा है कि चालीसगांव रोड चौराहे से वडजई रोड अंडरपास तक जल निकासी लाइन पिछले कई महीनों से बंद है। बरसात के मौसम में सड़क का बारिश का पानी और दूसरी तरफ का पानी उक्त नाले में नहीं जाता है, जिससे बारिश का पानी सड़क के आसपास रहने वाले नागरिकों के घरों में चला जाता है। इससे नागरिकों को काफी परेशानी है, पानी के प्रवेश से आर्थिक नुकसान हो रहा है. मौके-बेमौके जानमाल के नुकसान की भी आशंका रहती है। ऐसी स्थिति पिछले कई वर्षों से हर मानसून में बनती रही है।



उक्त ड्रेनेज लाइन का रखरखाव इरकॉम सोमा टोल वे प्रबंधन की जिम्मेदारी है। लेकिन वर्षों से देखा जा रहा है कि हर बरसात के मौसम में ईरकॉम सोमा टोल वे प्रबंधन की लापरवाह नीति के कारण मानसून का पानी मोहल्लों में घुस कर तबाही मचा रहा है। टोल प्लाजा प्रबंधन जल निकास नाली के मार्ग को साफ सुथरा करें नागरिक को आज आसुविधा से अगर बचाए अगर लापरवाही बरती गई तो समाजवादी पार्टी सड़क रोको आंदोलन करेगी अगर आंदोलन के दौरान कानून व्यवस्था की कोई समस्या उत्पन्न होती है तो सोमा टोलवे प्रबंधन जिम्मेदार होगा। इस तरह की चेतावनी महानगर अध्यक्ष गुड्डू काकर, महासचिव जमील मंसूरी, अकिल अंन्सारी, अँड.इम्रान शेख, अकिल अंन्सारी, अश्फाक पिंजारी, नविद अन्सारी, गुलाम कुरेशी, इनाम सिद्दिकी, हाजी मुनाफ, डॉ. सर्फराज अंन्सारी, आरिफ पिंजारी, आलमगीर शेख, हाजी इम्रान, रफिक रावसाहेब, रहीम खाटीक, नाजिम समोसा, निहाल अंन्सारी, इस्लाम काल्या, अतिक अंन्सारी, नासिर शेख, अब्दुल अजीज भटावा, रशीद शाह, असिफ अन्सारी, अदनान शेख, अली अझहरखान, अमिन शाह, मोहसीन शेख, अफजल खान, मोहसीन कुरेशी, खालिद अन्सारी, मुश्ताक सय्यद, अकिल शाह, इरफान शाह, सलीम जंगल, इकबाल तांडा, मोहम्मद जैद, मोबीन अंन्सारी, अश्फाक पिंजारी, नबाब खान, मोहसीन शेख, नविद अंन्सारी आदि ने ज्ञापन सौंपकर दिया है।

# शहर यातायात नियंत्रण शाखा का प्रदर्शन, 88 हजार का जुर्माना वसूला

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**धुलिया।** शहर में 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे और बिना ड्राइविंग लाइसेंस के सड़क पर विपरीत दिशा में वाहन चला रहे हैं। कई चालक ट्रिपल सीट मोटर साइकिल पर सवार देखे जाते हैं, चलती गाड़ी पर मोबाइल पर बातचीत करते भी लोगों को पकडा जा रहा है। दुर्घटना से चालक और अन्य नागरिकों की जान को खतरा होता है। ऐसे प्रकारों पर अंकुश लगाया जाना चाहिए, इसके लिए पुलिस अधीक्षक श्रीकांत धिवरे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक किशोर काले, सहायक पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश रेड्डी के मार्गदर्शन में शहर के यातायात एवं जिला यातायात शाखा के अधिकारियों की ओर से शहर के प्रमुख चौराहों देवपुर जयहिंद सीनियर कॉलेज, जयहिंद जूनियर कॉलेज, संतोषी माता चौक, बारा पत्थर चौक पर विशेष अभियान चलाया गया। 16 से 20 वर्ष की उम्र के लड़के-लड़कियां बिना लाइसेंस के वाहन चलाते पाए गए, इन 16 चालकों पर 5 हजार रुपये, ट्रिपल सीट वाहन चलाने, वाहन चलते समय मोबाइल से बातचीत करने पर 05 प्रकरणों में एम.वी.सी.128 (1)194सी के अनुसार प्रत्येक पर एक हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। 184 सी के 03 मामलों में एक हजार रुपए का जुमार्नां वसूला गया। कुल मिला कर पकडे गए वाहन चालकों ने 88 हजार रुपये का जुमार्ना वसूल किया गया है। यह कार्रवाई इसी प्रकार जारी रहेगी। माता-पिता अपने 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों और बिना ड्राइविंग लाइसेंस वाले बच्चों को गाड़ी न चलाने दें। यह जानकारी शहर यातायात नियंत्रण शाखा के सहायक पुलिस निरीक्षक भूषण कोते ने दी है।

# समाजवादी पार्टी एक समाजिक एकजुटता का सकारात्मक अंदोलन बनकर उभरी है: राम सुदिष्ट यादव प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी बिहार



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मधुबनी।** 2024 लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी एक राजनीतिक दल से अधिक एक सामाजिक एकजुटता का सकारात्मक आंदोलन बनकर उभरी है उत्तर प्रदेश में समाज के हर वर्ग और हर तबका के लोगों ने समाजवादी पार्टी पर विश्वास और भरोसा करते हुए उत्साह के साथ वोट देकर भविष्य की राजनीति की दिशा को केवल उत्तर-प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे देश में बदल दी है पी, डी, ऐ ,का सामाजिक समरसता और एकजुटता का संदेश संवैधानिक व पारदर्शी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए नया पैगाम है अब इस चेतना और जागृति का राष्ट्रव्यापी विस्तार होगा और सामाजिक न्याय की मुहिम अपनी मंज़िल की ओर बढ़ती दिखेगी। संविधान, लोकतंत्र, आरक्षण, समता-समानता, सौहार्द की रक्षा करता इंडिया गठबंधन समय के साथ-साथ बढ़ते हुए जनसमर्थन के आधार पर और भी शक्तिशाली होगा, जो शोषित, वंचित, पीड़ित के लिए मजबूत ढाल बनेगा राम सुदिष्ट यादव प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी बिहार।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# विश्व महासागर दिवस पर आइबिस होटल्स ने बीच की सफाई मुहिम चलाई

**मुंबई।** 8 जून को विश्व महासागर दिवस के उपलक्ष्य में मुंबई में 4 आईबिस होटल ने समुद्र तट यानी जुहू बीच की सफाई अभियान और जुहू बीच पर संरक्षण गतिविधियों के माध्यम से समुंदरों की रक्षा के वैश्विक प्रयास में योगदान देने के उद्देश्य से एक प्रभावशाली पहल की शुरूआत की हैं। इस साल की थीम 'अवेकन न्यू डेप्थ्स' है। यह थीम हमारे समुद्री इको सिस्टम की सुरक्षा के लिए इनोवेटिव दृष्टिकोण और सामूहिक कार्रवाई की अनिवार्यता को दर्शाती है। एनवायरनमेंटल सस्टेंबिलिटी (पर्यावरणीय स्थिरता) की तत्काल आवश्यकता को समझते हुए मुंबई में ibis होटल - जिसमें ibis मुंबई एयरपोर्ट, ibis मुंबई विक्रोली, ibis ठाणे और ibis नवी मुंबई शामिल हैं - ने समुद्र तट की सफाई अभियान चलाने के लिए प्रसिद्ध NGOs के साथ भागीदारी की है। बीच क्लीन-अप कार्यक्रम को आइबिस मुंबई के क्लस्टर हेड श्री अनंत लीखा और आईबिस होटल्स इंडिया के डॉयरेक्टर ऑफ ऑपरेशंस श्री तेजस जोस का सहयोग प्राप्त हुआ। आइबिस होटल द्वारा चलाई गई यह पहल बीचों (तटों) की सफाई के साथ समुद्र के स्वास्थ्य के महत्व को बताने के लिए स्थानीय समुदाय के साथ सक्रिय रूप से जुड़ा हैं। अनुमान है कि वर्तमान में हमारे समंदरों में लगभग 75 से 199 मिलियन टन प्लास्टिक कचरा है, जिसमें से 33 बिलियन पाउंड प्लास्टिक हर साल समुद्री पर्यावरण में जाता है। अनुमान है कि 2050 तक प्लास्टिक समुद्र में मौजूद संपूर्ण मछलियों से ज्यादा हो सकता है। ये चौंका देने वाले आँकड़े हमारे महासागरों की सुरक्षा के महत्व पर जोर देते हैं। महासागर केवल पानी के विशाल निकाय नहीं हैं; बल्कि वे हमारे पृथ्वी ग्रह की जीवनदायिनी हैं, क्योंकि यही हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, जलवायु को नियंत्रित करते हैं और समुद्री इको सिस्टम की एक विविध श्रृंखला का समर्थन करते हैं। हमारे महासागरों के स्वास्थ्य को सुरक्षित करना न केवल समुद्री जीवन के लिए बल्कि मानव समाज की भलाई के लिए भी महत्वपूर्ण है। आइबिस मुंबई के क्लस्टर हेड श्री अनंत लोखा ने जमीनी गतिविधियों के बारे में जानकारी देते हुए कहाः विश्व महासागर दिवस पर हमारी पहल पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। 400 से ज्यादा आइबिस कर्मचारियों की स्वैच्छिक सेवा के माध्यम से हम समुद्र तट की सफ़ाई और सामुदायिक शिक्षा अभियान जैसी गतिविधियों को किया गया। स्थानीय गैर सरकारी संगठनों और सरकारी संगठनों के सहयोग से किए गए ये प्रयास ठोस प्रभाव डालने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। हमारा मानना है कि सामूहिक कार्रवाई के जरिए हम अपने महासागरों को संरक्षित करने और स्थानीय समुदायों का समर्थन करने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।" आईबिस एंड आईबिस स्टाइल्स इंडिया - आईबिस होटल्स इंडिया के डॉयरेक्टर ऑफ ऑपरेशंस श्री तेजस जोस इन पहलों के व्यापक पर्यावरणीय लाभ पर बात करते हुए कहा, हमारे महासागरों की देखभाल करना सिर्फ़ एक पर्यावरणीय चिंता नहीं है - यह एक बुनियादी जिम्मेदारी है। विश्व महासागर दिवस 2024 की थीम आइबिस होटल्स की मुहिम के साथ पूरी तरह से मेल खाती है। स्थानीय समुदायों, गैर सरकारी संगठनों और सरकारी संस्थानों के साथ मिलकर काम करके, आइबिस भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ, ज्यादा टिकाऊ पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। ये मुहिम न केवल तत्काल पर्यावरणीय चिंताओं का समाधान करती हैं, बल्कि महासागरों की रक्षा के लिए चल रहे प्रयासों को प्रेरित करने का लक्ष्य भी रखती हैं।





### महाराष्ट्र में विशेष लोक अदालत 29 जुलाई से 3 अगस्त तक

# जलगांव जिला न्यायालय में होगा विशेष लोक अदालत का आयोजन : एसपी सैय्यद

**जलगांव।** सर्वोच्च न्यायालय (सुप्रीम कोर्ट) नई दिल्ली की गाइड लाइन के अनुसार देश भर में 29 जुलाई से 3 अगस्त 2024 तक एक विशेष लोक अदालत सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। उक्त लोक अदालत में उच्चतम न्यायालय/जिला न्यायालय/तहसील न्यायालय में लंबित मामलों के निपटारे हेतु विशेष लोक अदालत के लाभ व विवादों का निपटारा सरल एवं आसान तरीके से किया जा सकता है। जिसमें कम समय मे आर्थिक रूप से नुकसान से बचने के लिए उक्त लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। वहीं,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जलगांव के सचिव एसपी सैय्यद ने जानकारी देते हुए मीडिया में बताया कि किसी भी मामले में समझौता होने की स्थिति में कोर्ट फीस वापसी योग्य है। बताया जा रहा है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संबंधित अधिवक्ताओं को मामलों को विशेष लोक अदालत में रखने के लिए विचार दें या उन्हें अधिक आवश्यकता हो तो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जलगांव या संबंधित तहसील विधिक सेवा समिति से संपर्क स्थापित किया जा सकता है। श्री सैय्यद ने बताया की यदि मामले कोर्ट में लंबित हैं और जो लोग समझौते के माध्यम से उसका निपटारा करना चाहते हैं तो उन मामलों को विशेष लोक अदालत में रखा जा सकता है। उक्त लोक अदालत में पक्षकार प्रत्यक्ष अथवा वर्चुअल रूप से भाग ले सकते हैं। जिससे जल्दी न्याय व आर्थिक नुकसान से बचा जा सकता है।



# अब ज्ञानेश्वर ढेरे होंगे जलगांव मनपा आयुक्त



**मुंबई हलचल/संवाददाता**


**जलगांव।** महानगर पालिका जलगांव आयुक्त के रूप में ज्ञानेश्वर ढेरे की नियुक्ति की गई है। गुरुवार 6 जून को विभागीय उप सचिव ने ज्ञानेश्वर ढेरे का नियुक्ति आदेश जारी कर दिया है। उन्होंने बताया कि ज्ञानेश्वर ढेरे शुक्रवार को जलगांव नगर पालिका के नए आयुक्त होंगे। ढेरे मनपा के सत्रहवें पूर्णकालिक आयुक्त होंगे। बताया जा रहा है कि लोकसभा चुनाव नतीजे घोषित होते ही ये आदेश जारी कर दिए गए है। ज्ञात हो कि डॉ.विद्या गायकवाड़ के तबादले के बाद आयुक्त का पद खाली चल रहा था। कुछ समय के लिए प्रभारी आयुक्त के रूप में पल्लवी भागवत कार्यभार संभाल रही थी। गुरुवार को सरकार की उप सचिव प्रियंका कुलकर्णी-चापवाले ने ढेरे की नियुक्ति के आदेश जारी किए है।

# कैबिनेट मंत्री पद से कम मंजूर नहीं : पवार

**नई दिल्ली।** भाजपा नीत गठबंधन- एनडीए में शामिल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP) के बड़े नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा है कि केंद्रीय राज्यमंत्री का पद लेना उनके लिए कठिन है और यह पदावनति यानी डिमोशन या कद घटाने जैसा है। उन्होंने कहा कि वे भारत सरकार में पहले कैबिनेट मंत्री का पद संभाल चुके हैं ऐसे में उनके लिए राज्यमंत्री का पद स्वीकार करना कठिन है। प्रफुल्ल पटेल के मुताबिक उन्हें शपथ ग्रहण और मंत्रिपरिषद में शामिल होने की सूचना मिलने की खुशी है। NDA में असंतोष की अटकलों से जुड़े सवाल पर पटेल ने कहा, 'जो अटकलें लगाई जा रही हैं वह गलत हैं, कोई मतभेद नहीं है।' शपथ ग्रहण से ठीक पहले एनडीए में शामिल एनसीपी के कथित असंतोष पर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और एनसीपी प्रमुख अजित पवार ने कहा, उनकी पार्टी इंतजार करने को तैयार है। प्रफुल्ल पटेल केंद्र सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। हमें स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्री लेना ठीक नहीं लगा। इसलिए हमने भाजपा से कहा कि हम कुछ दिन इंतजार करने को तैयार हैं, लेकिन हमें कैबिनेट मंत्री पद ही चाहिए। अजित पवार ने कहा, 'हम शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हो रहे हैं। हमारे पास एक लोकसभा और एक राज्यसभा सांसद हैं, लेकिन अगले 2-3 महीनों में हमारे पास राज्यसभा में कुल 3 सदस्य होंगे और संसद में हमारे सांसदों की संख्या 4 हो जाएगी। इसलिए हमने साफ किया है कि हमें एक कैबिनेट मंत्री का पद ही चाहिए।



# मुंबई हवाई अड्डे पर बड़ा हादसा टला




**मुंबई।** मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर एक बड़ा हादसा टल गया। हवाईअड्डे पर एक ही रनवे पर दो विमान एक साथ आ गए थे। रनवे पर इंडिगो का विमान उतर रहा था, उसी समय उसके ठीक आगे एयर इंडिया का विमान उड़ान भरने की तैयारी में था। वीडियो में साफ दिख रहा है कि एयर इंडिया के विमान का उड़ान रनवे पर ही था और उड़ान नहीं भर पाया था उसी समय इंडिगो विमान उसी रनवे पर उतर गया। कुछ सेकेंड के अंतर से दोनों विमान एक दूसरे से टकराने से बच गए। घटना का वीडियो सामने आने के बाद नागरिक विमानन निदेशालय यानी डीजीसीए ने घटना की पुष्टि की है और कहा है कि इसकी जांच शुरू कर दी गई है। घटना के बाद एयर ट्रैफिक कंट्रोल यानी एटीसी के एक अधिकारी को निलंबित भी कर दिया गया है। असल में मुंबई से तिरुवनंतपुरम जाने वाला एयर इंडिया का विमान एआई 657 उड़ान भरने के लिए तैयार था। इसी दौरान इंडिगो की फ्लाइट 5053 ने भी उसी रनवे पर लैंडिंग की। इंडिगो की ये फ्लाइट इंदौर से दिल्ली जा रही थी।घटना के बाद एटीसी गिल्ड इंडिया के महासचिव आलोक यादव ने कहा- शनिवार आठ जून की सुबह इंदौर के देवी अहिल्याबाई होल्कर एयरपोर्ट से आने वाली इंडिगो की उड़ान 5053 रनवे 27 पर उतर रही थी, जबकि एयर इंडिया की उड़ान एआई 657 तिरुवनंतपुरम के इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए उड़ान भरने की तैयारी में थी। एक ही रनवे से लैंडिंग और टेकऑफ ने एयरपोर्ट पर खतरनाक स्थिति पैदा कर दी। इससे बड़ा हादसा हो सकता था।

मोदी-3.0 कैबिनेट में कई नए और चुनाव हारे नेताओं को भी किया गया शामिल

# एक दशक बाद केंद्रीय कैबिनेट में जितिन को मिला 'प्रसाद' बिट्टू पंजाब को कर्ज और मर्ज के बोझ से निकालेंगे 'बाहर'

*उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार में इस समय कैबिनेट मंत्री और कभी मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार में सबसे युवा मंत्रियों में से एक जितिन प्रसाद करीब 10 साल बाद फिर से केंद्र की कैबिनेट में वापसी की। साथ ही पंजाब को भी पीएम मोदी ने सम्मान दिया*

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

नरेंद्र मोदी नें लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार में इस समय कैबिनेट मंत्री और कभी मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार में सबसे युवा मंत्रियों में से एक जितिन प्रसाद करीब 10 साल बाद फिर से केंद्र की कैबिनेट में वापसी की।

इस बार भारतीय जनता पार्टी ने वरुण गांधी का टिकट काटकर जितिन प्रसाद पर भरोसा जताया था और वह पार्टी की उम्मीदों पर खरा भी उतरे हैं। कभी कांग्रेस नेता राहुल गांधी के करीबी माने जाने वाले जितिन प्रसाद ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत साल 2004 में राहुल गांधी के साथ ही की थी। उन्होंने इससे पहले यूपी के शाहजहांपुर और धौरारा लोकसभा सीट से भी चुनाव लड़ा है। हालांकि, इस बार उन्होंने पीलीभीत से जीत दर्ज की है। जितिन प्रसाद 31 साल की उम्र में पहली बार संसद के सदस्य बने थे।

*भाजपा ने इस बार वरुण गांधी की जगह जितिन को दिया टिकट*

*पंजाब में भाजपा को विशेष लाभ नहीं मिला, फिर भी स्थान मिला*



### हार के बाद भी मोदी कैबिनेट में मंत्री बने बिट्टू

## कर्ज और नशा को जड़ से खत्म करना ही हमारी प्राथमिकता



मोदी कैबिनेट में रवनीत सिंह बिट्टू को भी जगह दी गई है। एक चैनल को दिए इंटरव्यू में बिट्टू ने कांग्रेस और पंजाब की सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वो तीन बार चुनाव जीते हैं, इस बार कुछ अंतर से हार गए। यह चुनाव में लगा रहता है। बिट्टू की मां ने कहा कि उनका बेटा हारकर भी जीत गया, क्योंकि अब वो मंत्री बनने वाला है। वो बेअंत सिंह का पोता है। बेअंत सिंह ने अपने खून-पसीने से पंजाब को सींचा है। बिट्टू पंजाब की खुशहाली के लिए सभी जरूरी कदम उठाएगा। बिट्टू ने कहा कि हम किसानों को अपनी बात सही से समझा नहीं पाए। पंजाब में नशाखोरी को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि पंजाब से इसको जड़ से खत्म करना है। यह मेरी प्राथमिकता में शामिल है।

### नए मंत्रिमंडल के ये नहीं होंगे सदस्य



**मौजूदा और पूर्व मंत्री जिन्हें जगह नहीं मिली (कैबिनेट)**

नारायण राणे लोक सभा विजयी, अनुराग ठाकुर विजयी, पुरुषोत्तम रूपाला विजयी, अर्जुन मुंडा पराजित, स्मृति ईरानी पराजित, आरके सिंह पराजित, महेंद्र नाथ पांडेय लोक सभा पराजित।

**ये भी नहीं होंगे**

अश्विनी कुमार चौबे लोक सभा नहीं लड़ा, वीके सिंह लोक सभा नहीं लड़ा, साध्वी निरंजन ज्योति लोक सभा पराजित, संजीव बालियान लोक सभा पराजित, राजीव चंद्रशेखर पराजित, दर्शना जरदोश टिकट नहीं मिला, वी मुरलीधरन पराजित, मीनाक्षी लेखी टिकट नहीं मिला।

**ईरानी, अनुराग और चंद्रशेखर को नहीं मिली जगह**

पिछली सरकार में मंत्री रहे नेताओं को नई कैबिनेट में जगह नहीं मिल सकी। पिछली सरकार में स्मृति ईरानी, राजीव चंद्रशेखर, अनुराग ठाकुर को अहम मंत्रालयों का जिम्मा दिया गया था, लेकिन अब ये साफ हो गया है कि फिलहाल इन नेताओं को कैबिनेट में शामिल नहीं किया जाएगा।

### मेहमानों में मिला स्थान

## ऐश्वर्या मेनन भी हुई शामिल

देश-विदेश के 8 हजार खास मेहमानों को पीएम मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रण भेजा गया था।



इन मेहमानों में दक्षिणी रेलवे के चेन्नई डिवीजन की वरिष्ठ सहायक लोको पायलट ऐश्वर्या एस मेनन नरेंद्र मोदी और नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने वाले विशेष मेहमानों में शामिल रहीं। मेनन ने वंदे भारत ट्रेनों के साथ-साथ जनशताब्दी जैसी विभिन्न ट्रेनों में लोको पायलट के रूप में काम किया है। इसमें एशिया की पहली महिला लोको पायलट सुरेखा यादव भी शामिल हुईं।

### पूर्व नौकरशाह की करारी हार

## ओडिशा में पांडियन ने राजनीति छोड़ी



**भुवनेश्वर।** ओडिशा में पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के उत्तराधिकारी माने जा रहे पूर्व नौकरशाह वीके पांडियन ने राजनीति छोड़ने का ऐलान किया है। पांडियन ने एक वीडियो संदेश में कहा कि राजनीति में आने का उनका मकसद केवल पटनायक की सहायता करना था। अब वे सक्रिय राजनीति से अलग हो रहे हैं। पांडियन ने कहा कि अगर उन्होंने अपनी राजनीतिक यात्रा के दौरान किसी को ठेस पहुंचाई हो तो मुझे खेद है।

### मैं कैबिनेट मंत्री रह चुका हूं...

## प्रफुल्ल का राज्य मंत्री बनने से इनकार



**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नेता प्रफुल्ल पटेल ने मोदी 3.0 मंत्रिमंडल में राज्य मंत्री बनने से इनकार कर दिया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल में एनसीपी से किसी के मंत्री नहीं बनने पर घमासान की अटकलें सामने आई थीं। पटेल ने कहा है कि हमें राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार के बारे में सूचना मिली लेकिन मैं स्वयं भारत सरकार का कैबिनेट मंत्री पहले रह चुका हूं। हमें खुशी है कि उन्होंने हमें सूचना दी लेकिन मेरे लिए यह पद लेना थोड़ा कठिन है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख और महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने का कहना है कि पटेल साहब कैबिनेट मंत्री के नाते कई बार सेंट्रल में काम किया है और कैबिनेट मंत्री रहते हुए स्वतंत्र चार्ज लेना हमें ठीक नहीं लगा।

### शपथ ग्रहण में पहुंचे विदेशी मेहमान

## पीएम शेरिंग ने कहा- भारत आकर खुश और सम्मानित महसूस किया



शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए विदेशी मेहमान भी पहुंचे। भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे ने कहा कि मैं भारत आकर बहुत खुश हूं। मैं अपनी पिछली यात्रा के बाद इतनी जल्दी वापस आकर बहुत खुश हूं। यह वास्तव में भारत के लिए बहुत बड़ा दिन है। मैं महामहिम राजा और भूटान के लोगों का प्रतिनिधित्व करते हुए यहां आकर बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। वह भी लगातार तीसरी बार। उन्होंने कहा कि मैं हाल के चुनावों के सफल परिणामों के लिए भारत के लोगों को बधाई देता हूं। पीएम मोदी को लोगों का भरोसा और विश्वास प्राप्त है जो पिछले दस वर्षों में उनके प्रदर्शन को दर्शाता है। इसलिए यह भारत के लिए बहुत बड़ी बात है।

# राजीव चंद्रशेखर ने किया संन्यास का ऐलान

## भाजपा नेता का ट्वीट काफी वायरल, फिर डिलीट कर दी पोस्ट



लोकसभा चुनाव में इस बार केरल में भाजपा ने पहली बार अपना खाता तो जरूर खोला, लेकिन हाई प्रोफाइल सीट त्रिवेंद्रमपुरम में उसे हार का सामना करना पड़ा। इस सीट से भाजपा ने राजीव चंद्रशेखर को उतारा था, लेकिन शशि थरूर ने उन्हें हरा दिया। अब उस हार के बाद भाजपा नेता राजीव चंद्रशेखर का एक ट्वीट काफी वायरल चल रहा है। बड़ी बात यह है कि उस ट्वीट को डिलीट भी किया जा चुका है।

राजीव चंद्रशेखर ने ट्वीट कर लिखा कि पब्लिक सर्विस में 18 साल पूरे होने के बाद मैं संन्यास का ऐलान करता हूं। इन 18 सालों में तीन साल तो मुझे नरेंद्र मोदी के दूसरे कार्यकाल के दौरान उनके साथ काम करने का मौका मिला। हर उस कार्यकर्ता का आभार जिन्होंने ऊर्जा देने का काम किया। सरकार में रहे सभी साथियों को भी शुक्रिया। एक भाजपा कार्यकर्ता के रूप में मैं आगे भी सेवा करता रहूंगा। अब राजीव चंद्रशेखर के इस ट्वीट से साफ है कि उन्होंने संन्यास का ऐलान किया है। लेकिन हैरानी की बात यह है कि जिस से एक्स अकाउंट से उन्होंने यह मैसेज लिखा था, वो अब डिलीट हो चुका है। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि राजीव के मन में चल क्या रहा है। वैसे उनके उस वायरल पोस्ट पर शशि थरूर ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी। उनकी तरफ से राजीव का हौसला बढ़ाने का काम किया गया है।

शशि थरूर ने लिखा कि हमारी सरकार में रहते हुए जिस शख्स ने कई मुद्दों पर बात की हो, मुझे कोई शक नहीं कि आप देश की सेवा अभी भी पब्लिक सर्विस के जरिए कर सकते हैं। चुनावी राजनीति तो सिर्फ एक रास्ता होता है, वहां भी क्या अगली बार आप कामयाब हो जाएं। भविष्य के लिए आपको ढेर सारी शुभकामनाएं।

**वार मेमोरियल में श्रद्धांजलि अर्पित की**




नई दिल्ली। शपथ ग्रहण के पहले नरेंद्र मोदी चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे, नौसेना स्टाफ के प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी और वायु सेना के उप प्रमुख एयर मार्शल एपी सिंह ने राष्ट्रीय समर स्मारक में श्रद्धांजलि अर्पित की।

**अटल बिहारी को किया नमन**



नई दिल्ली। नई दिल्ली में लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में अपने शपथ ग्रहण समारोह से पहले पीएम मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को उनके स्मारक सदैव अटल पर पुष्पांजलि अर्पित की।

**बापू को राजघाट पर श्रद्धांजलि दी**



मनोनीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में अपने शपथ ग्रहण समारोह से पहले राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

**वाराणसी में गंगा में दूध अर्पित**




वाराणसी। भाजपा समर्थकों ने मनोनीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पोस्टर लेकर वाराणसी के शीतला घाट पर उनके शपथ ग्रहण समारोह से पहले गंगा नदी में दूध चढ़ाया।

**पटना में जश्न मनाते भाजपा समर्थक**



पटना। मनोनीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार तीसरी बार शपथ ग्रहण समारोह से पहले पटना में जश्न मनाते भाजपा समर्थक।

**बिट्टू के परिवार ने मनाई खुशियां**



बिट्टू के परिवार के अन्य सदस्यों ने कहा कि बिट्टू के केंद्र में मंत्री बनने से उन्हें बहुत खुशी है। वे मंत्री के रूप में अपने कर्तव्यों का अच्छे से निर्वहन करेंगे।

# हर्षोल्हास के साथ मनाया वरीष्ठ काँग्रेसी नेता कय्युम तांबोली का जन्मदिन, पत्रकार जफरसिद्दीकी ने शाल और बुके देकर किया वरीष्ठ काँग्रेसी नेता कय्युम तांबोली का सत्कार

**मुंबई हलचल/संवाददाता**



**मुंबई।** सांताक्रुज के वरिष्ट काँग्रेसी नेता लोकप्रिय मॉयनॉरिटी लिडर काँग्रेस मॉयनॉरीटी काँग्रेस के उत्तर मध्य मुंबई के माजी अध्यक्ष अब्दुल कय्युम तांबोली का जन्मदिन काँग्रेस के पदाधिकारी कार्यकर्ता और दोस्त मित्रो ने बडे हर्षोल्हास के साथ कय्युम तांबोली के जनसंपर्क कार्यालय वाकोला में धुमधाम से मनाया। कय्युम तांबोली के जन्मदिवस पर हार्दिक अभीष्टचिंतन* जन्मदिवस के अवसर पर मुंबई के बांद्रा पूर्व विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने लोकप्रिय समाजसेवक कय्युम तांबोली को जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं दी शुभ कामनाएं देने वालों की भीड़ में लोकप्रिय समाजसेवक कय्युम तांबोली ने सभी का पधारना एवं बधाई स्वीकार करते हुए आभार व्यक्त किया। लोकप्रिय समाजसेवक कय्युम तांबोली मॉयनॉरीटी काँग्रेस कमिटी के उत्तर मध्य जिला मुंबई 15 साल से अध्यक्ष रहे चुके है। रविवार 9 जुन को उनके सांताक्रुज के दौलतनगर के निवास स्थान पर और वाकोला के उनके जनसंपर्क कार्यालय पर जन्मदिन पर बधाई देने के लिए शेकडो महाविकास आघाडी के दोस्त मित्र लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।इस मौके पर लोकप्रिय समाजसेवक कय्युम तांबोली ने सभी से मुलाकात की, शुभकामनाएं स्वीकार की और सभी का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया। ऑल इंडीया काँग्रेस वर्कस कमिटी के मुंबई अध्यक्ष एंव महाराष्ट्र महासचिव पत्रकार जफरसिद्दीकी ने लोकप्रिय समाजसेवक कय्युम तांबोली को शाल और बुके देकर जन्मदिन की बधाई दी। डि एफ एस बिल्डर्स उत्तर मध्य जिला कॉं। के उपाध्यक्ष फजल सौदागर ने कय्युम तांबोली को शाल और बुके देकर जन्मदिन की बधाई दी। ऑल इंडिया काँग्रेस वर्कर्स कमिटी के उत्तर मध्य जिला अध्यक्ष उसमानखा उर्फ लाला ने लोकप्रिय समाजसेवक कय्युम तांबोली को शाल और बुके देकर जन्मदिन की बधाई दी। 9 जुन को रविवार को सुबह से ही सभी उनके जन्मदिन पर बधाई देने के लिए उनके आवास पर मित्रों और शुभचिंतकों का तांता लगा रहा। इस मौके पर प्रमुख उपस्थिति में बधाई देने के लिए। इस शुभ अवसर पर फजल सौदागर, पत्रकार जफरसिद्दीकी, उसमानखान लाला भाई, नरेंद्र शाह, ब्लॉक अध्यक्ष गुलफाम खान, इरशाद कुरेशी, कांग्रेस जिला महासचिव नईम शेख , तारीख खान,संजय नवांदे, संजय मिस्त्रि, कटलु घरात, शौकत अशरफ, कल्पना ताई, जयश्री ताई, पुष्पा ताई, जावेद शेख, ईस्तीयाक सिद्दीकी, सरफराज पाठक, पिंकी पंजाबी, पुष्पा अहिरवार, आबिद कुरेशी, जाफर शेख, अब्दुल कदीर, कतलभाई, निसार शेख, हनिफ सय्यद, असलम शेख, फेलिक्स, बाबु भुरे खान, रिजवान सलमानी, हेरी पेन्टल (शकुनी मामा) गुफी पेन्टल बहोत सारे विविध संघटनो के पदाधिकारी कार्यकर्ताओ ने और दोस्त मित्रो ने लोकप्रिय समाजसेवक कय्युम तांबोली को दि जन्मदिन की ढेर सारी बधाईया। किसी ने फेसबुक, व्हास्टअप, ट्विटर, इंन्स्टाग्राम के जरिए तो किसी ने फोन करके तो किसी ने मुलाखात लेकर दि जन्मदिन की बधाई। सोशल मीडिया की विशेष उपस्थिति रही। साथ ही, शहर के राजनीतिक, सामाजिक, शैक्षिणिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, खेल, उद्योग, प्रशासन, पत्रकारिता, सहकारिता, महिला स्वयं सहायता समूहों आदि क्षेत्रों के गणमान्य व्यक्तियों सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों और कार्यकताओं के साथ-साथ मुंबईकर भी लोकप्रिय समाजसेवक कय्युम तांबोली को जन्मदिन की बधाई दी। मुंबई के हर इलाके किसी ने सोशल मीडिया पर किसी ने फेसबुक इंस्टाग्राम ट्विटर से तो किसी ने मोबाइल फोन पर जन्मदिन की बधाई दी, लोकप्रिय समाजसेवक कय्युम तांबोली ने सभी से बातचीत कर बधाई स्वीकार की। सोशल मीडिया पर लोकप्रिय समाजसेवक कय्युम तांबोली को शुभचिंतकों ने जन्मदिन की बधाई दी उन सभी का कय्युम तांबोली ने शुक्रिया व्यक्त किया। कय्युम तांबोली ने उनके जन्मदिन के अवसर पर बधाई देने आए सभी शुभचिंतकों और मित्रों का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया, उनकी शुभकामनाओं को स्वीकार किया और उनसे बातचीत की। बधाई देने आए सभी शुभचिंतको के लिए लोकप्रिय समाजसेवक कय्युम तांबोली ने प्रितिभोज का इन्तेजाम किया था।

## बांग्लादेशी सांसद हत्या मामला: नेपाल से धराए मुख्य संदिग्ध से पूछताछ जारी



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार की हत्या के मामले में मुख्य संदिग्ध मोहम्मद सियाम हुसैन से रविवार को पूछताछ शुरू कर दी है। मोहम्मद सियाम हुसैन को हाल ही में नेपाल पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद भारत को प्रत्यर्पित किया गया था। मामले में जानकारी के अनुसार बांग्लादेशी नेता के शरीर के अंगों और अपराध को अंजाम देने के लिए इस्तेमाल किए गए हथियारों का पता लगाने में सीआईडी की सहायता के लिए हुसैन से पूछताछ की गई। हुसैन को कोलकाता के पास न्यू टाउन इलाके के उस फ्लैट में भी ले जाया गया। जहां अनार को आखिरी बार 12 मई को देखा गया था।

बड़ा हादसा टला, जांच जारी

## उड़ान भरते ही विमान में लगी आग ,पायलट की सूझबूझ से बची 402 लोगों की जान

मुंबई हलचल / वॉशिंगटन

अमेरिका के लॉस एंजेलिस में एक बड़ी घटना होते-होते बच गई। पेरिस जा रहे एयर कनाडा के एक विमान में उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही आग लग गई। जैसे ही चालक दल को आग का पता लगा तो आनन-फानन में इमरजेंसी लैंडिंग कराई। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। बता दें, विमान में 389 यात्री और 13 क्रू मेंबर मौजूद थे। चालक दल की सतर्कता की वजह से एक बड़ी घटना को टाला जा सका। विमान बिना किसी नुकसान या हताहत के हवाईअड्डे पर वापस लौट आया।




**कैसे हुई घटना?**

बोइंग 777 वाइड-बॉडी विमान ने रात 12:17 बजे (टोरंटो समयानुसार) उड़ान भरनी शुरू की। उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद देर रात 12 बजकर 39 मिनट विमान ने उड़ान भरना शुरू ही किया था कि हवाई यातायात नियंत्रक (एटीसी) ने विमान के दाहिने इंजन से चिंगारी निकलती देखी और तुरंत चालक दल के सदस्यों को इसकी जानकारी दी। वहीं, लोगों ने इंजन से आग की चिंगारी निकलते हुए वीडियो बना लिया।

**पहले भी सामने आ चुकी है ऐसी घटना**

इंजन में खराबी का कारण पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। प्रभावित यात्रियों को दूसरी फ्लाइट में भेजने का इंतजाम किया गया। विमान की जांच की जाएगी और फिलहाल इसे सेवा से हटा दिया गया है। गौर करने वाली बात यह है कि पिछले दो हफ्तों में यह दूसरी घटना है, जहां एयर कनाडा के विमान को इंजन की समस्या के कारण वापस लौटना पड़ा है।

# उत्तराखंड के इस गांव में फैला डायरिया, पांच दिन में 50 चपेट में, मैदानी क्षेत्रों से आए लोग भी हुए बीमार

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**रानीखेत/भतरौंजखान।** रानीखेत विधानसभा क्षेत्र के भतरौजखान के निकटवर्ती अदबौड़ा गांव में डायरिया ने पांव पसार लिए हैं। यहां चार-पांच दिन के भीतर लगभग 50 ग्रामीण उल्टी-दस्त की चपेट में आ गए हैं। इससे स्वास्थ्य विभाग हरकत में आ गया है। चिकित्सा कर्मियों की टीम ने गांव में कैंप लगाकर ग्रामीणों का उपचार शुरू कर दिया है। सीएमओ ने कहा कि सोमवार को टीम यहां पुनः कैंप लगाकर ग्रामीणों का उपचार करेगी। डायरिया प्रभावित अदबोड़ा गांव में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत की ननिहाल है। अदबौड़ा गांव में ग्रामीणों के उल्टी-दस्त



की चपेट में आने की सूचना रविवार को सामाजिक कार्यकर्ता दीपक करगेती ने स्वास्थ्य विभाग को दी। इस पर चिकित्सा कर्मियों की टीम ने गांव पहुंचकर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। आशा कार्यकर्ती राधा रावत के अनुसार ग्रामीणों के उल्टी-दस्त की चपेट में आने की सूचना मिली थी। चपेट में आए ग्रामीणों में 12 बच्चे भी शामिल हैं। कुछ ग्रामीणों ने समीपवर्ती चिकित्सालय में उपचार भी कराया है। ग्रामीणों के अनुसार मैदानी क्षेत्रों से कुछ लोग गांव आए थे, यहां से वापस लौटने के बाद वह भी उल्टी दस्त की चपेट में आ गए हैं।

---

**आशा कार्यकर्ती को लेकर गांव में स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। काफी संख्या में ग्रामीण उल्टी दस्त से बेहाल थे। बताया जा रहा है जल जीवन मिशन के तहत बने टैंक की सफाई नहीं किए जाने से दूषित पेयजल के कारण लोग बीमार पड़े हैं। स्वास्थ्य विभाग से सोमवार को शिविर लगाने का आग्रह किया गया है।**

**– दीपक करगेती, सामाजिक कार्यकर्ता**

**भिकियासैंण तहसील के अदबोड़ा गांव में लोगों के बीमार होने की सूचना मिली है। गांव में टीम भेजी गई है। सोमवार को गांव में शिविर लगा स्वास्थ्य परीक्षण कर लोगों का उपचार किया जाएगा। ग्रामीणों के उपचार को गंभीरता से कदम उठाए जाएंगे।**

**– डा. आरसी पंत, सीएमओ, अल्मोड़ा**

## एयरलाइन के आदित्य घोष ने दी जानकारी

# आकासा एयर मुनाफे की राह पर, अधिक अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शुरू होंगी : सह-संस्थापक

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

आकासा एयर के सह-संस्थापक आदित्य घोष ने बताया कि एयरलाइन मुनाफे की राह पर है और वह दक्षिण एशिया तथा दक्षिण-पूर्व एशिया सहित अधिक अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए उड़ान भरेगी। आकासा एयर के पास 24 विमानों का बेड़ा है और उसके 4,000 से अधिक कर्मचारी हैं।

राष्ट्रीय राजधानी में एक साक्षात्कार में घोष ने कहा कि भारत में एयरलाइंस उद्योग तेजी से बढ़ रहा है। घोष ने अन्य भूमिकाओं के अलावा, 2018 तक दस वर्ष इंडिगो के अध्यक्ष और पूर्णकालिक निदेशक के रूप में कार्य किया है। उन्होंने कहा कि आकासा को ग्राहक केंद्रित और कर्मचारी केंद्रित संगठन बनाने के साथ ही वित्तीय रूप से टिकाऊ व्यवसाय बनाना भी महत्वपूर्ण है।

- एयरलाइन दक्षिण एशिया तथा दक्षिण पूर्व एशिया के लिए उड़ान भरेगी
- एयरलाइन में 4000 से अधिक कर्मचारी कार्यरत है

**आकासा एयर के पास 24 विमानों का बेड़ा है**




### छोटे शहरों में भी विस्तार किया जाएगा

एयरलाइन के पास इस समय 24 छोटे आकार के बोइंग 737 मैक्स विमानों का बेड़ा है। घोष ने कहा, 'हमने दोहा के लिए उड़ान भरना शुरू कर दिया है, जेद्दा के लिए उड़ानों की घोषणा की है, हम पश्चिम एशिया में और अधिक गंतव्यों पर जाने वाले हैं। हम दक्षिण एशिया और दक्षिण पूर्व एशिया में भी जाएंगे। साथ ही भारत के छोटे शहरों में भी विस्तार करेंगे, क्योंकि वहां बहुत संभावनाएं हैं।'

***15 जुलाई से जेद्दा के लिए उड़ानें***

*एयरलाइन 15 जुलाई से जेद्दा के लिए उड़ानें शुरू करेगी। इसके पास कुवैत और रियाद के लिए यातायात अधिकार भी हैं। यह पूछने पर कि क्या आकासा एयर अपने बेड़े में चौड़े आकार के विमान भी शामिल कर सकती है, उन्होंने कहा कि लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले व्यवसाय मॉडल एक प्रकार के बेड़े पर केंद्रित रहते हैं।*

***सबसे कम ग्राहकों की शिकायतें :***

*घोष ने इस बात पर जोर दिया कि आकासा एयर लाभप्रदता के मार्ग पर है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि आकासा में हम लाभप्रदता के रास्ते पर हैं... हम इस पर दृढ़ता से ध्यान केंद्रित कर रहे हैं... हमने बेहतर परिचालन भरोसा, सबसे कम ग्राहक शिकायतें, उच्चतम लोड कारक, सबसे कम रद्दीकरण देखा है।'*

### एक रनवे पर दो विमान, डीजीसीए कर रहा जांच

मुंबई हवाई अड्डे पर इंडिगो विमान के उतरने के एक मिनट से भी कम समय में एयर इंडिया का एक विमान उसी हवाई पट्टी से उड़ान भरने लगा। अधिकारियों ने रविवार को कहा कि मामले की जांच नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) कर रहा है। उन्होंने कहा कि डीजीसीए ने शनिवार को घटना के समय ड्यूटी पर मौजूद एयर ट्रैफिक कंट्रोलर (एटीसी) को निलंबित कर दिया है, जबकि इंडिगो ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### एसटीसीओ को हटा दिया गया

एक ही रनवे पर एक विमान के उतरने और दूसरे विमान के उड़ान भरने का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया गया है। डीजीसीए के एक अधिकारी ने कहा, 'हम जांच कर रहे हैं और घटना में शामिल एटीसीओ को पहले ही ड्यूटी से हटा दिया गया है।' मुंबई हवाई अड्डा एकल रनवे पर संचालित होता है, जिसमें दो क्रॉसिंग रनवे हैं।

### एक रनवे पर प्रति घंटे 46 विमान उड़ते व उतरते हैं

मुंबई हवाई अड्डे के एक रनवे आरडब्ल्यू27 पर प्रति घंटे लगभग 46 आगमन और प्रस्थान होते हैं। इंडिगो ने बयान में कहा, 'आठ जून को इंदौर से इंडिगो की उड़ान 6ई 6053 को मुंबई हवाई अड्डे पर एटीसी द्वारा उतरने की मंजूरी दी गई। प्रभारी पायलट ने एप्रोच और लैंडिंग जारी रखी और एटीसी के निर्देशों का पालन किया।'

### नियमों का पालन नहीं किया गया

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के एक सूत्र ने कहा कि नियम के अनुसार, प्रस्थान करने वाले विमानों को हवाई पट्टी के अंत को पार करना होता है या मोड़ लेना होता है, जिसके बाद ही एटीसी आने वाले विमानों के लिए उतरने की मंजूरी जारी कर सकता है। उन्होंने कहा, 'कथित रूप से इस मामले में इन नियमों का पालन नहीं किया गया।'

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# जी मिचलाने की परेशानी को दूर करेंगे ये उपाय



कई बार लजीजदार खाने के चक्कर में लोग जरूरत से ज्यादा खा लेता हैं। जो बाद में पचाने में परेशानी होती है। जिससे जी मचलाने और घबराहट की परेशानी होने लगती है। कई बार गलत खान-पान और ज्यादा देर भूखे रहने से भी जी मिचलाने लगता है। दवाइयां खाने से बेहतर है कि कुछ घरेलू उपाय अपना कर भी इस समस्या से छुटकारा पाया जा सकता है।

**1. नींबू**

नींबू में पाया जाने वाला सिट्रिक एसिड जी मिचलाने से राहत दिलाता है। एक नींबू काटकर इसकी खूशबू लें। यह जी मिचलाने की भावना को कंरता है।

**2. पिपरमिंट**

पेट में गड़बड़ी होने पर पुदीने खाने की सलाह दी जाती है। इसके अलावा सूती कपड़े पर पिपरमिंट तेल लगाकर मसूढ़ों पर लगाने से जी मिचलाने की परेशानी दूर हो जाती है।

**3. अदरक**

अदरक सेहत से जुड़ी बहुत सी परेशानियों को कम करने का काम करता है। जी मिचलाने पर अदरक वाली चाय पीने से भी फायदा मिलता है।

**4. बेकिंग सोड़ा**

रसोई में इस्तेमाल होने वाला बेकिंग सोड़ा जी मिचलाने का समस्या से राहत दिलाने में मददगार है। जी मिचलाने के लिए आधा छोटा चम्मच बेकिंग सोड़ा पानी में घोलकर पी लें। यह पेट का पी एच एसिड में बदलाव करता है। जिससे घबराहट और जी मिचलाने की परेशानी दूर हो जाती है।

**5. मेडिटेशन**

यह प्रक्रिया शरीर से जुड़ी बहुत सी समस्याओं पर नियंत्रण रखने का काम करती है। तनाव,घबराहट या फिर किसी तरह की कोई परेशानी महसूस करें तो मेडिटेशन का सहारा लें। इससे आप खुद को तंदुरूस्त महसूस करेंगी।

# पूरी रात चेहरे पर लगाकर रखें यह सीरम, फिर देखिए कमाल



चेहरा भले ही कितना ही गोरा क्यों न हो लेकिन जब तक उसपर ग्लो नहीं आता, तब तक चेहरे की खूबसूरती फीकी है। लड़कियां अपने चेहरे पर ग्लो लाने के लिए कई तरह के ब्यूटी ट्रीटमेंट और मार्कीट में मिलने वाली सीरम का इस्तेमाल करती है, जिनमें कई तरह के कैमिकल्स मिले होते हैं जो चेहरे को फायदे की जगह नुकसान पहुंचा सकते है। ऐसे में आप घर पर बने कैमिकल्स फ्री सीरम का इस्तेमाल करें जिससे चेहरे पर गजब का ग्लो आएगा। आइए जानते है होममेड फेस सीरम बनाने की तरीका।

**जरूरी सामग्री**

- गुलाब की पत्तियां
- 3-4 बड़े चम्मच दूध
- 1 बड़ा चम्मच ग्लिसरीन
- 2 विटामिन ई कैप्सूल
- 1 चम्मच पैट्रोलियम जैली
- 5 चम्मच एलोवेरा जैल

**विधि**

सबसे पहले एक मिक्सी में गुलाब की पत्तियां डालकर पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट को छलनी में छान लें। अब गुलाब की पत्तियों के रस में दूध, ग्लिसरीन, विटामिन ई कैप्सूल पैट्रोलियम जैली डालकर अच्छे से मिक्स कर लें। फिर इस पेस्ट को एलोवेरा जैल में मिला लें और फिर से अच्छे से मिक्स करें। फिर इसको सोने से पहले चेहरे और हाथों पर लगाएं और पूरी रात ऐसे ही लगा रहने दें। इससे चेहरे पर गजब का ग्लो आएगा और चेहरे की रंगत निखर जाएगी।

# फटे होंठों से लेकर पाउटी लिप्स तक के घरेलू नुस्खे



खूबसूरत चेहरे और आंखों के साथ-साथ होंठों का भी अहम रोल होता है लेकिन होंठों का कालापन चेहरे की खूबसूरती में ग्रहण का काम करता है। ऐसे में लड़कियां अपने होंठों का खूबसूरत औक मुलायम बनाने के लिए हर मुमकिन कोशिश करती है। कई ट्रीटमेंट का सहारा लेती है। अगर आप भी अपने होंठो को खूबसूरत और सेक्सी लुक देना चाहती है तो आज हम आपको कुछ गरेलू टिप्स बताएंगे, जो होंठों से जुड़ी हर प्रॉबल्म को मिनटों में दूर कर देंगे।

- होंठों का कालापन दूर करें
अगर आप अपने होंठों नैचुरली गुलाबी बनाना चाहती है तो नींबू के रस में शहद मिला लें। इसे 1 घंटे तक होंठों पर लगा कर रखें। फिर किसी मुलायम और गीले कपड़े से होंठों को साफ करें। इससे होंठों का कालापन दूर होगा।

- फटे होंठो के लिए नुस्खा
अगर आपके होंठ फटे हुए रहते है तो सोने से पहले ग्लिसरीन को होंठों पर लगाएं। इससे कुछ ही दिनों में होंठ पिंक और मुलायम हो जाएगे। इसके अलावा ऐलोवेरा जैल लेकर अपने होंठों पर तब तक लगाएं जब तक वह सूख ना जाए।

- पाउटी लिप्स के लिए टिप्स
पाउटी लिप्स का इन दिनों काफी क्रेज है। कुछ लड़कियां तो सर्जरी के सहारे अपने होंठों को उभरे हुए दिखाना चाहती है। अगर आप भी उन्ही लड़कियों जैसी ख्वाहिश रखती है तो बाउल में सफेद या ब्राउन शुगर डाल लें। फिर इसमें अदरक के छोटे-छोटे टुकड़े काटकर मिलाएं और पुराने ब्रश की मदद से होंठों पर लगाएं और सकुर्लेशन मोशन में घुमाएं।

# सिर पर फिर से लहराएंगे बाल, गंजेपन के सस्ते और असरदार नुस्खे



बाल हमारी पर्सनैलिटी का एक अहम हिस्सा है। बालों के बिना खूबसूरत से खूबसूरत चेहरा भी फिका पड़ जाता है। आजकल के समय में हर कोई बालो से जुड़ी किसी न किसी समस्या से परेशान नजर आता है जिसमें झड़ते बालों की समस्या हर किसी को होती है। कई बार तो गंजेपन का सामना तक करना पड़ता है। गंजेपन के कई कारण हो सकते है जैसे तनाव, गर्भावस्था में होना,शरीर में पोषक तत्वों की कमी ,वजन का कम होना अन्य आदि कई समस्याएं हो सकती है। गंजापन केवल महिलाओं की ही नहीं बल्कि पुरूषों की भी समस्या है जिससे छुटकारा पाने के लिए लोग तरह-तरह के ट्रीटमेंट और ब्यूटी प्रॉडक्ट्स का सहारा लेते है जिनका परिणाम कुछ खास निकल कर नहीं आता। अगर आप भी झड़ते बालों या गंजेपन से निजात पाने की हर मुमकिन कोशिश कर चुके है तो घबराएं नहीं। आज हम आपको कुछ घरेलू तरीके बताएंगे जिनकी मदद से आप गंजेपन से हमेशा के लिए छुटकारा पा सकते है।

**1. शहद और दालचीनी**

थोड़ा सा ऑलिव ऑयल लेकर उसे गर्म कर लें। फिर इसमें दालचीनी और शहद मिला लें। इस मिश्रण से बालों की मसाज करें और 15 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। फिर बालों को धो लें।

**2.कलौंजी और पानी**

सबसे पहले कलौंजी को अच्छे से पीस लें। एक बाउल लेकर उसमें थोड़ा-सा पानी मिलाकर पिसी हुई कलौंजी को डाल दें। अब इस मिश्रण को उबाल लें। फिर इस पानी के ऊपर तैर रहे तेल को किसी शीशी में इक्ट्ठा करें। इस तेल को रोजाना बालों पर लगाएं।



दैनिक **मुंबई हलचल**
अब हर सच होगा उजागर

# काजोल के साथ हनीमून पर परेशान हो गए थे अजय देवगन





**बॉलीवुड** कपल अजय देवगन और काजोल की लव स्टोरी के चर्चे आए दिन होते ही रहते हैं। आज भी ये कपल हंसी-खुशी अपनी जिंदगी गुजार रहा है। लेकिन कम ही लोग ये बात जानते हैं कि शादी के बाद जब अजय और काजोल हनीमून पर निकले तो उन्हें जल्द ही वापस घर लौटना पड़ गया। काजोल ने खुद इस बात का खुलासा किया था। एक्ट्रेस की मानें तो उन्होंने 2 महीने के लिए हनीमून पर जाने का प्लान बनाया था। अजय से शादी करने से पहले उन्होंने ये सवाल उनसे पूछा भी था कि क्या वो उन्हें लेकर चलेंगे। तब काजोल के प्यार में डूबे अजय ने हामी तो भर दी थी। लेकिन जब वो हनीमून पर गए तो कुछ ही दिन में बीमार पड़ गए और उन्हें घर लौटना पड़ा। अजय हनीमून पर अपने घर को बहुत याद कर रहे थे। वो होमसिक हो गए थे। हालांकि बाद काजोल ने ये भी बताया था कि ये हनीमून अजय का एक टेस्ट था। काजोल ने कहा- क्या तुम सच में मुझसे शादी करना चाहते हो? मुझे बताओ। अगर तुम सच में मुझसे शादी करना चाहते हो तो तुम मुझे हनीमून पर ले चलोगे। अजय ने कहा ओके बेबी। लेकिन हनीमून के अंत में, वह थक गए। इसके अंत तक उसे घर की बहुत याद आने लगी। 40 दिनों के बाद उसे ऐसा लगा कि मैं थक गया हूँ, मुझे बुखार है। वह बीमार होकर घर आया!

ABVM AGRAWAL JATIYA KOSH'S GHANSHYAMDAS JALAN COLLEGE
Estd. : 2011

# G. D. JALAN COLLEGE

Affiliated to University of Mumbai & M.S. Board (MARWARI MINORITY)

*Upper Govind Nagar, Malad (East)*

**NAAC accredited with B+** **ISO 9001: 2015 Certified College**

## Admissions Open

**The following programs are as per National Education Policy (NEP 2020)**

**B.Com.:** : Bachelor of Commerce

**B.Com.:** : Bachelor of Commerce (Management Studies)

**B.A.F.:** : Bachelor of Commerce (Accounting and Finance)

**B.Sc.:** : Bachelor of Science

**B.Sc.I.T.:** : Bachelor of Science (Information Technology)

**College Code : MU-0527**

**Contact Number: 9321558419/ 9321674124**